

Patna University In News (05.09.2022)

THE TIMES OF INDIA

September 7 last date to apply for Patna University courses

PATNA: The last date for submission of applications for admission to the postgraduate courses both under conventional and self-financing streams in Patna University (PU) will end on September 7. PU runs a number of job-oriented courses for the benefit of students. For aspiring careers in the field of women's empowerment and gender sensitivity, two courses – two-year master's course in women's studies and one-year PG diploma course in women's studies – are also being run successfully for the last several years. PU women's studies department head Sunita Roy said both these courses are proving quite popular these days. "More than 80% of the passouts of these courses are being offered campus placements in reputed organisations like Mamta, Agha Khan Foundation, Azeez Premji Foundation, Care India, Piramal Foundation and Jeevika," she said. The details of the process of admission to these courses are available on PU website, Roy added.

पीयू के नये प्रशासनिक व एकेडमिक भवन का अब बदला जायेगा डिजाइन

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे शिलान्यास

संवाददाता, पटना

पटना विश्वविद्यालय के नये प्रशासनिक व एकेडमिक भवन का डिजाइन बदल जायेगा. पूर्व में जो डिजाइन सरकार के पास भेजा गया था, वह पूरी तरह से कॉरपोरेट लुक में था, जिसमें सरकार ने बदलाव करने को कहा है. इसको लेकर पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी व आर्किटेक्ट के बीच बैठक भी हो चुकी है. विवि पारंपरिक लुक में ही बनाया जायेगा. इसका नया मॉडल तैयार किया जा रहा है. जल्द ही वह फाइनल हो जायेगा.

भवन बनाने की जगह पर जमीन के समतलीकरण का कार्य जारी

स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन प्रो अनिल कुमार ने बताया कि जमीन के समतलीकरण का कार्य जारी है. न्यू हॉस्टल के पास बनना है, उक्त हॉस्टल को तोड़ने और समतलीकरण का कार्य चल रहा है. नया मॉडल पास होते ही इसके शिलान्यास की तिथि सरकार से ली जायेगी. तिथि मिलते ही शिलान्यास किया जायेगा. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसका शिलान्यास करेंगे.

एकेडमिक भवन में दरभंगा हाउस के पीजी विभाग शिफ्ट होंगे

एकेडमिक भवन में दरभंगा हाउस में चल रहे सभी सभी पीजी विभाग शिफ्ट होंगे. इसके अतिरिक्त पीजी वोकेशनल कोर्स भी उक्त भवन में शिफ्ट होंगे. पीजी विभाग के नये एकेडमिक भवन में शिफ्ट होने के बाद, वाणिज्य कॉलेज को दरभंगा हाउस में फिलहाल शिफ्ट किया जायेगा. वाणिज्य कॉलेज का भवन सैदपुर में बनना है, लेकिन इसके लिए अभी सरकार से राशि स्वीकृत नहीं हुई है. जैसे ही राशि स्वीकृत होगी, भवन का शिलान्यास किया जायेगा.

> पूर्व के मॉडल में थोड़ा बदलाव किया जा रहा है. इसके लिए आर्किटेक्ट के साथ बैठक भी हुई है. जल्द ही नया मॉडल सामने आ जायेगा. बाकी अन्य स्ट्रक्चर में कोई बदलाव नहीं है. उक्त भवन के लिए सरकार के द्वारा 149 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं. राशि की एक किस्त जारी भी हो चुकी है. जल्द ही इसका शिलान्यास किया जायेगा.
>
> **प्रो गिरीश कुमार चौधरी,** कुलपति, पटना विश्वविद्यालय

प्रभात खबर
Mon, 05 September 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70000246



Patna University In News (05.09.2022)

110 अवकाशप्राप्त शिक्षकों को आज सम्मानित करेगा पीयू

संवाददाता, पटना

पटना विश्वविद्यालय शिक्षक दिवस के मौके पर विवि मुख्यालय स्थित व्हीलर सीनेट हॉल में सोमवार को अपने 110 अवकाश प्राप्त शिक्षकों सम्मानित करेगा. विगत दो वर्षों से शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया था. इस वजह से इस दौरान तीन वर्षों में जितने शिक्षक सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें विवि सम्मानित करेगा.

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी करेंगे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो केसी सिन्हा शिक्षकों को सम्मानित करेंगे.

पूर्व बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक भी सम्मानित होंगे: पटना विश्वविद्यालय में पूर्व बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज जो अब एनआइटी हो गया है, उसके भी दस शिक्षक सम्मानित होंगे. कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी ने बताया कि ये 2004 के पहले रिटायर हुए थे लेकिन आज तक सम्मानित नहीं हो सके. उस समय बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज पटना विश्वविद्यालय के ही अंतर्गत था. उन शिक्षकों को भी विवि इस बार सम्मानित करने जा रहा है.

प्रभात खबर
Mon, 05 September 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com

दैनिक जागरण

पढ़ाने का बताया तरीका आज भी काम आ रहा

प्रो. गिरीश कुमार चौधरी, कुलपति, पीयू

पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी ने बताया कि बिहार कालेज आफ इंजीनियरिंग के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीबी चक्रवर्ती की यादें आज भी जीवंत हैं। पहले इनसे पढ़ाई की, बाद में उन्हीं की निगरानी में कार्य करने का अनुभव मिला। उन्होंने बच्चों को पढ़ाने का जो तरीका बताया, वह आज भी काम आ रहा है। उन्होंने बताया था कि कक्षा में पढ़ाने के दौरान कितने भी बच्चे बीच में सवाल करें, उनका जवाब देते हुए विषय वस्तु पर लौटकर पाठ्यक्रम को खत्म करें। कई प्रश्न के जवाब नहीं मिलते, उसका जवाब अगले दिन देना चाहिए।